## सार-समाचार

### कलैक्टर संधू को मेहता ने चार्ज सौंपा

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले के नवनियुक्त कलैक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। पूर्व संधू को पूर्व कलेक्टर नमित मेहता ने चार्ज दिया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलैक्टर संधू ने पत्रकारों से कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं वह अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का शपथ प्रतिशत वह बेहतर क्रियान्वयन करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले की स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखकर टीम वर्क के साथ उनका समाधान किया जाएगा। विभिन्न विभागों के सामंजस्य से उनका जिले के विकास पर ध्यान दिया जाएगा। विभिन्न विभागों में जैसे जैसे प्रॉब्लम सामने आएगी उनके समाधान की स्कीम बना कर बेहतर रिजल्ट दिया जाएगा। भीलवाड़ा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए रिव्यू मीटिंग के जरिए और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। भीलवाड़ा में विशेष योग्यजनों के लिए बेहतर काम किया जाएगा। सर्वे के माध्यम से लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। फिलहाल फार्म रजिस्ट्री पर फोकस रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला कलैक्टर नमित मेहता, एडीएम प्रशासन ओपी मेहरा, एडीएम शहर प्रतिभा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवनियुक्त जिला कलेक्टर का स्वागत किया। इससे पूर्व जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्व जिला कलेक्टर नमित मेहता का उदयपुर कलेक्टर के पद पर स्थानांतरण होने पर उनके कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें ढोल नगाड़ों के साथ भावभीनी विदाई दी।

### प्री परीक्षा की मॉडल आंसर-की जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आरएएस-प्री परीक्षा 2024 की मॉडल उत्तर कुंजी पर जारी कर दी। अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क के साथ 5 फरवरी रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। उक्त परीक्षा का मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक स्टैंडर्ड ऑथेंटिक पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क 100 रुपए सेवा शुल्क अतिरिक्त निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन ऑब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियां केवल ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक 3 से 5 फरवरी को रात्रि 12 बजे तक ही उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समयावधि के बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। आपत्तियां केवल एक बार ही ली जाएंगी।

### महाबोधि बौद्धमठ में सर्वधर्म प्रार्थना हुई

**अजमेर,** (कासं)।गौतम नगर महाबोधि विहार स्थित बौद्धमठ में सोमवार को गुरु एसएन गोयनका के प्रवचनों के माध्यम से महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं को अध्यक्ष गुणवनत राहुल के माध्यम से समझाया गया। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप सन्त जोसफ विद्यालय की वाईस प्रिंसिपल उषा कुंपावत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि महाबोधि बौद्धमठ में बसंत महोत्सव के अंतर्गत जल, थल और नभ के प्राणियो की मंगल कामना के लिए सर्वधर्म प्रार्थना की गई। सचिव सोनी राहुल ने इस अवसर पर बताया कि हमें सबके कल्याण के लिए आराधना करनी चाहिये। सर्वधर्म समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि विश्व के सन्तों महात्माओं का एक ही संदेश मानवता और एक परमात्मा द्वारा सारी सृष्टि के प्राणियों को बनाने का संदेश प्रदान किया जाता है। लालवानी ने बताया कि महात्मा बुद्ध की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके विश्व शान्ति प्रार्थना की गई। इस अवसर पर सोनी, कीर्तिका राहुल, रवि कुमार, प्रेरणा, रमेश लालवानी, गुणवंत राहुल सहित अन्य ने प्रार्थना की।

### परीक्षा कार्यक्रम का संशोधन जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 15 जनवरी को सैकण्डरी और सीनियर सैकण्डरी परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया गया था। बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली माध्यमिक परीक्षा की एक अप्रैल एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा की 4 अप्रैल की परीक्षा का संशोधन जारी किया गया है। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा माध्यमिक, माध्यमिक व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षा के जारी किए गए टाईम टेबल अनुसार मंगलवार एक अप्रैल को तृतीय भाषा-संस्कृत/उर्दू /गुजराती/सिन्धी/पंजाबी, संस्कृतम् (द्वितीय प्रश्न पत्रम्) की परीक्षा होनी थी। संशोधित टाईम टेबल के अनुसार यह परीक्षा अब शुक्रवार 4 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार उच्च माध्यमिक, उच्च माध्यमिक व्यावसायिक एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के जारी किए गए टाईम टेबल के अनुसार शुक्रवार 4 अप्रैल को कम्प्यूटर विज्ञान/इन्फोरमेटिक्स प्रेक्टिसेस की परीक्षा होनी थी। संशोधित टाईम टेबल के अनुसार यह परीक्षा अब सोमवार 7 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

### राजेन्द्र मार्ग स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। राजेन्द्र मार्ग विद्यालय में आज जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ और लगभग 2500 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ. श्यामलाल खटीक ने बताया कि सूर्य नमस्कार के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने व विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक उमाशंकर शर्मा ने सूर्य नमस्कार के उद्देश्य, लक्ष्य और स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आरोग्य भारती प्रान्तीय सचिव कैलाश सोमानी, भारत विकास परिषद् से राधेश्याम सोमानी, फिट इंडिया से भूपेन्द्र मोगरा सहित कई गणमान्य नागरिकों के साथ ही, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी योगेश पारीक, एडीईईओ विकास जोशी, मुकेश सेन, मूलचन्द बहरवानी, रोशन लाल देवपुरा, विश्वजीत सिंह, मुकेश कुमावत उपस्थित रहे।

### हाथीभाटा आश्रम क्षेत्र में तेंदुआ दिखा

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। भीलवाड़ा चित्तौड़ बाईपास पर मंगलपुरा के निकट हाथीभाटा आश्रम क्षेत्र में बीती रात को तेंदुआ देखे जाने से दहशत है। आश्रम के मंहत संत दास महाराज ने बताया कि रविवार सोमवार रात 2:00 बजे के लगभग तेंदुए ने कुत्तों पर हमले का प्रयास किया लेकिन कुत्ते भाग कर छुप गए। तेंदुआ काफी समय तक आश्रम की सीढ़ियों पर कुत्ते के आने का इंतजार करता रहा बाद में फिर जंगल की ओर चला गया। भीलवाड़ा बाईपास और मंगलपुरा ग्राम पास होने से लोगों में दहशत पैदा हो गई । संत दास महाराज ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की।

### दिल्ली में नसीम अख्तर ने जनसंपर्क किया

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य नसीम अख्तर इंसाफ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रभार क्षेत्र मटिया महल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी असीम अहमद के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क किया। प्रदेश उपाध्यक्ष इंसाफ ने मटिया महल विधानसभा क्षेत्र में हौज खास में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### खीर चूरमे का लगेंगा भोग

**मसूदा,** (निसं)। भगवान देवनारायण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ में मसूदा क्षेत्र में मनाया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि माघ मास की शुक्ल पक्ष की सूर्य सप्तमी आज मंगलवार को भगवान विष्णु के अवतार लोक देवता देवनारायण भगवान के 1113 वां जन्म जयंती समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पूर्व संध्या पर देवनारायण मंदिर पर रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। आज जन्मोत्सव पर भगवान देवनारायण का विशेष श्रंगार व पूजा अर्चना कर खिर चुरमें का भोग लगाएंगे।

# जलवायु परिवर्तन के प्रभाव व पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की

**अजमेर,** (कासं)। महार्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं रिमोट सेंसिंग और जियोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्द्रभूमि संरक्षण विषय पर सोमवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आर्द्रभूमियों के संरक्षण और पुनर्स्थापन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सुभ्रतो दत्ता ने आर्द्रभूमियों के संरक्षण और उनके पुनर्जीवन की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि आर्द्रभूमियां न केवल जैव विविधता के लिए बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

प्रोफेसर प्रवीण माथुर ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालाते हुए कहा कि आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब समाज के सभी वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. टीके रॉय ने रामसर साइट के रूप में मान्यता प्राप्त सांभर झील के संरक्षण पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने अपने व्यापक अनुभवों के आधार पर बताया कि किस प्रकार से स्थानीय समुदायों को संरक्षण के कार्यों में जोडक़र प्रभावी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

डॉ. रॉय ने सांभर झील को हो रही पर्यावरणीय क्षति, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और जैव विविधता पर पड़ रहे नकारात्मक असर पर चिंता जताई। साथ ही उन्होंने शोध और सतत निगरानी की भूमिका को आर्द्रभूमियों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य बताया।

अध्यक्षता करते हुए महार्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोड़ानी ने पर्यावरण संरक्षण में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शोध और नवाचार के माध्यम से ही पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान संभव है।

तकनीकी सत्र में डॉ. टीके रॉय ने पक्षी प्रजातियों की आद्रभूमि पर निर्भरता, प्रोफेसर प्रवीण माथुर ने आद्रभूमि की महत्वता तथा संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्रदान की और डॉ विवेक शर्मा ने उभयचरों का जैवसंकेतको के रूप में आद्रभूमि की आवशयकता पर जानकारी साँझा की।

संगोष्ठी के दौरान विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा उनके शोध कार्यों पर आधारित पोस्टर प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट शोध प्रस्तुतियों के लिए विधि धवल, सबा खान, सुचित्रा चटर्जी, अविनाश पारीक, रुबी मलिक और मुस्कान सिंह को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किया गया। संगोष्ठी न केवल आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास थी बल्कि इसने युवाओं को पर्यावरणीय शोध और संरक्षण कार्यों से जुड? के लिए भी प्रेरित किया।

## नागौरिया मठ में जानकीनाथ का ब्रह्मोत्सव जारी

**डीडवाना,** (नि.सं.)। डीडवाना में रामानुज संप्रदाय की मठ परंपरा के दो प्राचीन मठ नागोरिया मठ और झालरिया मठ मौजूद है। दोनो ही मठ सैकड़ों साल पुराने हैं। दोनों ही विरक्त गद्दियां है ओर देशभर में इनकी अनेक शाखाएं मौजूद है। नागोरिया मठ 591 वर्ष पुराना है। इस मठ की देश भर में अनेक शाखाएं मंदिरों के रूप में मौजूद है। यह मठ दक्षिण भारत के तोताद्री पीठ से संबंध रखता है। इस मंदिर में सैकड़ों सालों से गुरु परंपरा चली आ रही है, जिनके सैकड़ों शिष्य शिक्षा-दीक्षा धारण करते हैं। इस मंदिर में हर साल ब्रह्मोत्सव आयोजित किए जाते हैं।

इस ब्रह्मोत्सव में 7 दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। इसके तहत भगवान जानकीनाथ का अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार किया जाता है,

जिसके बाद भगवान चन्द्रप्रभा वाहन, शेष वाहन, कल्पवृक्ष, गरुड़ वाहन, हनुमान वाहन, पुष्पक विमान आदि पर विराजित होकर मंदिर परिसर का भ्रमण करते हैं और भक्तों को दिव्य दर्शन देते हैं।

इस ब्रह्मोत्सव में भाग लेने के लिए भक्तों में इस कदर उत्साह रहता है कि वे इस ब्रह्मोत्सव का पूरे साल इंतजार करते हैं। उत्साह इस कदर है कि देशभर से सैकड़ो श्रद्धालु यहां भाग लेने आते हैं। यहां आने वाले भक्तजन प्रबन्धपाठ, स्त्रोतपाठ, सकीर्तन और तिरूमंजन, अभिषेक, आरती, भजन कीर्तन जैसे कार्यक्रमो में भी भाग लेते हैं।

# कुवाड़ा खान क्षेत्र के लोगों में अस्थाई डंपिंग यार्ड से रोष

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। भीलवाड़ा शहर में फैले गंदगी के अम्बार और आंदोलन की राह पर चल रहे शहरवासियों के आक्रोश के बीच नगर निगम कबड्डी प्रतियोगिता में व्यस्त है।

कुवाड़ा खान क्षेत्र के वासियों ने निगम द्वारा बनाए गए अस्थाई डंपिंग यार्ड के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना प्रदर्शन की शुरुआत की।

राहुल नायक ने बताया कि बस्ती के निकट तानाशाही करते हुए नगर निगम की शह पर ठेकेदार ने अस्थाई डंपिंग यार्ड का निर्माण कर लिया है, जिस पर शहर भर का कचरा डाला जा रहा है।

आए दिन इस कचरे को खाने से गोमता की मौत हो रही है, लेकिन शिकायतो के बावजूद शहर की समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए निगम कबड्डी प्रतियोगिता कराने में व्यस्त है। जबकि शहर की सड़कों, कॉलोनियों और बस्तियों के हालात बद से बदतर हो रहे है, लेकिन निगम प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है। कुवाड़ा खान क्षेत्र के लोगो ने निगम प्रशासन पर आंदोलन को कुचलने के लिए धमकाने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब तक गंदगी के इस अंबार को यह से हटाया नहीं जाएगा आंदोलन जारी रहेगा।

वही दूसरी और आंदोलन की सूचना पर मौके पर पहुंचे निगम महापौर राकेश पाठक का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमे वह आंदोलन कर रहे लोगों को बुलडोजर चलाने की धमकी देते दिखाई दे रहे हे। उन्होंने आंदोलन खत्म नहीं करने पर प्रदर्शनकारियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी है।

## डॉक्टरो ने विरोध जताया

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। बाड़मेर के सेडवा में उपखण्ड अधिकारी द्वारा डॉक्टर के साथ अभद्रता को लेकर राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में कार्यरत डाक्टरों ने दो घंटे कार्य का बहिष्कार कर एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। डॉ पंकज अग्रवाल ने बताया की उपखंड अधिकारी ने अस्पताल में निरिक्षण के दौरान डॉक्टर से अभद्रता कर आपा खो बैठे, जिससे चिकित्सको से कथित अभद्रता के खिलाफ डॉक्टर्स में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया। कार्य ठप्प के समय ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लग गई, चेम्बर्स में डॉक्टर्स नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## स्व. राजेश पायलेट की स्मृति में रक्तदान किया

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। वीर गुर्जर युवा मंडल की और से भगवान देवनारायण की जयंती की पूर्व बेला एवं किसान नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

एडवोकेट राजेश गुर्जर टोकड़ा ने बताया कि राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में आयोज्य शिविर में 108 यूनिट रक्तदान किया। इससे पूर्व भगवान देवनारायण व स्व. राजेश पायलट के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावांजली दी। विधायक डॉ विकास चौधरी ने शिविर का अवलोकन कर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर युवा मण्डल अध्यक्ष श्योजीराम चौहान, पूर्व सभापति जगदीप गुर्जर, जिला परिषद सदस्य गणेश तंवर, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष भोजराज बागड़ी, कोषाध्यक्ष शंकर बागडी, रोहित धाभाई, नन्दलाल फामडा, भेरुलाल बजाड, देवीसिंह बारवाल, भागचन्द तेडवा, अशोक कोली, रमेश जूवाणा, तेजपाल बमाड़, कानाराम बागडी, करतार, रामावतार, अजित चौहान, शैतान मावता, नोरत फागणा, देवा बजाड़, कमल गुर्जर, प्रकाश बावला, भेरू गुर्जर, शिवजी सहित कई आदि समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन भागचन्द तेडवा व एडवोकेट राजेश गुर्जर टोकड़ा ने किया।

## मुमुक्षु चिंकी कावड़िया का बहुमान किया

**ब्यावर,** (निसं) श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा से सीनियर सेकंडरी(2009) तक पढ़ी दीक्षार्थी चिंकी कावड़िया का आज जैन जवाहर भवन में कार्यक्रम में बहुमान करके अभिनन्दन पत्र भेंट किया गया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम चंद बोहरा(चेन्नई), उपाध्यक्ष गौतम चंद गोखरू, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, कोषाध्यक्ष रमेश चंद मेड़तवाल, प्रबन्धकारिणी सदस्य चंदूलाल कोठारी, रविन्द्र लोढ़ा, दुलराज मकाणा, आशीष रांका, प्रिंस ओस्तवाल, महावीर मकाणा, शैक्षणिक निदेशक एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढा, अकादमी प्रभारी नीलम लोढा, समिति प्रबंधक नेहा जैन, जनसम्पर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल एवं भंवरलाल गोठी स्कूल के प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, उपाचार्य सुनीता चौधरी, ज्योति चौहान, दीपक गुप्ता मौजूद रहे। स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा से सीनियर सेकंडरी(2009) तक पढ़ी दीक्षार्थी चिंकी कावड़िया ने आज जब अपने पुराने टीचर्स को देखा तो अपने स्कूल के दिनों की यादों को साझा किया. मुमुक्षु चिंकी कावड़िया पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी सदैव अव्वल रही।

## सरवाड़ में शिविर लगाया

**सरवाड़,** (निसं)। पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकार गुरु प्रसाद तंवर के निर्देशानुसार कृषक उपयोगी योजना एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बंटी देवी राजपूत तहसीलदार एवं दुर्गा प्रसाद मेघवंशी तहसीलदार टांटोटी के निर्देशन में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बंटी देवी राजपूत तहसीलदार सरवाड़ ने एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री योजना के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। पांच फरवरी से 31 मार्च तक कैंपों की व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण लेने वाली कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।

## अधिकारियों से मुलाकात की

**अजमेर,** (कासं)। किन्नर समाज का दस दिवसीय महाकुंभ अजमेर में 16 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। सोमवार को किन्नर समाज के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने जिला कलेक्टर लोक बंधु और एसपी वंदिता राणा से मुलाकात कर की कार्यक्रम की जानकारी दी।

कलेक्टर व एसपी को कार्यक्रम की जानकारी देने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए अजमेर की गद्दपति सलौनी उर्फ बिजली बाई ने बताया कि 15 फरवरी को किन्नरों की कुलदेवी बहुचरा माता के निमित्त हवन होगा।

## शिविर को लेकर बहुरंगी पोस्टर का विमोचन

मेड़ता सिटी, (नि.सं.)। गुरु हस्ती नेत्र चिकित्सालय पीपाड़ , जिला अंधता निवारण समिति , श्री किशनदेव महाराज छतरीधाम , दादोसा परिवार व भारत विकास परिषद मेड़ता तथा मीरा लैंब मेड़ता के सयुक्त तत्वावधान में स्व शांति देवी धर्मपत्नी स्व रामनारायण तोलुंबिया गोटन मेड़ता की पुण्य स्मृति में 157 वा विशाल आंखों का निःशुल्क जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर होगा। शिविर को लेकर किशनदेव जी महाराज की छतरीधाम दादू आश्रम में बहुरंगी का पोस्टर विमोचन किया गया। शिविर आयोजन कर्ता भगवती लाल टेलर ने बताया कि 8 फरवरी को गुरु हस्ती नेत्र चिकित्सालय पीपाड़ के नेत्र विशेषज्ञ डॉ साहिल भंडारी , डॉ महक भंडारी द्वारा शिविर में सेवाएं देंगे शिविर के बहुरंगी पोस्टर का विमोचन महंत हरिनारायण महाराज के सानिध्य में किया गया। महाराज नेम दास , महाराज रिछपाल दास , नवरतनमल टाक , हनुमान राम दुगस्तावा , भारत विकास परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र बिड़ला , भगवती लाल टेलर , श्याम सुंदर दाधीच , कमल भाई गोयल , पूनम चंद कीजड़ा , महेंद्र टेलर सहित भारत विकास परिषद के सदस्य व तोलंबिया परिवार आदि मौजूद थे।

## कावांखेड़ा कच्ची बस्ती में चाकूबाजी

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। कोतवाली थाना क्षेत्र की कावांखेड़ा कच्ची बस्ती में सोमवार को दो युवकों के बीच झगड़ा और मारपीट में हुई चाकूबाजी में एक युवक ने गंभीर घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, दादाबाड़ी निवासी विनोद (32) पुत्र मांगीलाल खटीक का बालमुकुंद खटीक से विवाद चल रहा था। इसे लेकर आज सुबह जब विनोद कावांखेड़ा कच्ची बस्ती गया तो वहां बाल मुकुंद की कबाड़ी की दुकान पर विनोद की बालमुकुंद के बेटे देवेंद्र से बोलचाल हो गई। विनोद का आरोप है कि बालमुकुंद व उसके बेटों ने उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार उसकी पीठ में लगा। उसे एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। देवेंद्र खटीक ने विनोद के खिलाफ दुकान पर आकर उसके साथ मारपीट की ओर 25 हजार रुपये छीन लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर दर्ज की है।

# सूर्य नमस्कार का महत्व जाना

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों सहित स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में भागीदारी की।

विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार के अभ्यास का महत्व जानने के साथ ही इस दिन चर्चा में शामिल करने का संकल्प लिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मसूदा में आयोजित सूर्य नमस्कार के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवकुमार दुबे एवं योग गुरु अनिरुद्ध पाल सिंह ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार करने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं यह योग एक आसान है जिसे रोजाना करने से कई तरह के फायदे होते हैं सूर्य नमस्कार करने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और तनाव कम होता है शरीर में लचीलापन आता है। पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है रक्त परिसंचरण बेहतर होता है और शरीर मजबूत रहता है स्मरण शक्ति बढ़ती है। तनाव और चिंता को काम करता है वजन कम होता है रीड की हड्डी को मजबूत करता है। शरीर को विटामिन डी देता है और मन को शांत करता है। विद्यालय के एस.डी.एम.सी सदस्य पांचू लाल गुर्जर ने बताया कि सूर्य नमस्कार का उद्देश्य लक्ष्य एवं किनके द्वारा किया जाना है एवं इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ के संपूर्ण जानकारी दी। सूर्य सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिव कुमार दुबे, एसडीएमसी सदस्य पंचू लाल गुर्जर ,कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामेश्वर सिंह चौहान, दयाराम नायक, राकेश जोशी, सी पी मेघवंशी,भवानी सिंह व श्रवण कुमार वर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने योग गुरु अनिरुद्ध पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**नसीराबाद संवाददाता के अनुसार :** नसीराबाद उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम झड़वासा कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारत व राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार बदलते भारत अभियान की परिकल्पना के तहत सूर्य सप्तमी के अवसर पर प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में बच्चों व एसडीएमसी व एसएमसी सदस्यों तथा अभिभावकों द्वारा विद्यालय में सूर्य की साक्षी में ध्यान व फलश्रुति मंत्रो उच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर उपस्थित सभी को शारीरिक शिक्षक ने आरती शेर ने सूर्य नमस्कार के दस आसन भी करके दिखाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य कौशल्या यादव ने बताया की जो व्यक्ति प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते है उनको शारीरिक व मानसिक अवसाद से मुक्ति तो मिलती ही है साथ ही उनकी आयु, प्रज्ञा, बल व तेज का विकास भी होता है और शरीर निरोग और ऊर्जावान बनता है।

## सूर्य नमस्कार कार्यक्रम किया

**ब्यावर,** (निसं) आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित पांच आधारभूत विषय - शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, संस्कृत भाषा, संगीत शिक्षा के श्रेष्ठ क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों के विकास हेतु सूर्य सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवीन कुमार सैनी, कविता शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। शारीरिक शिक्षक - शैतान सिंह, विशाल सिंह, दिव्या शर्मा के कुशल नेतृत्व में विद्यालय के 815 भैया /बहनों ने सूर्य नमस्कार के मंत्र - ओम सूर्याय नमः, ओम भास्कराय नमः का उच्चारण करते हुए सूर्य नमस्कार किया। सूर्य सप्तमी के कार्यक्रम में राधाकिशन मिश्रा, मंजू भदौरिया, विक्रम सिंह, संजय सांगला विनोद जांगिड़, अन्य सभी आचार्य/दीदी का विशेष योगदान रहा है।

## प्रतियोगिता हुई

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। बसंत पंचमी के पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा द्वारा रील व चित्रकला प्रतियोगिता ''बसंत पंचमी का महत्व'' विषय पर 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। एसोसिएशन प्रवक्ता मधु लोढा ने यह जानकारी दी।

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
**लोक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता देवी पत्नी विनोद कुमार निवासी- 2G27 अजय नगर, अजमेर। ग्राम थोक मालियान 111, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 8665, प्लाट नंबर 15 में क्षेत्रफल 115.00 वर्ग गज के भूखंड के लीज डीड जारी करने हेतु आवेदन प्रक्रियाधीन है। उक्त आवेदन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस आवेदित भूखंड के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति जोन कार्यालय प्रस्तुत करें अन्यथा नियमानुसार लीज डीड की कार्यवाही कर दी जायेगी। (उपायुक्त दक्षिण)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**आम सूचना**
मेरी मां श्रीमती लीला देवी पत्नी नोरतमल मेघवाल निवासी अग्रसेन नगर मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का दिनांक 14 अगस्त 1996 को निवास स्थान स्वर्गवास हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।
प्रार्थी-योगेश कटारिया पुत्र नोरतमल

**आम सूचना**
मेरे पिता श्री धन्नालाल पुत्र स्व. श्री कानाराम का दिनांक 30 दिसम्बर 2013 को एवं मेरी मां श्रीमती बिरजी देवी पत्नी धन्नालाल का दिनांक 3 मई, 2012 को सर्व जाति मेघवाल सर्व निवासी महावीर कॉलोनी, सावंतसर मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर हो गया। जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।
प्रार्थी-रामेश्वर पुत्र धन्नालाल

# देवनारायण जयंती आज, गुर्जर समाज ने एस.पी. से मुलाकात की

**अजमेर,** (कासं)। गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण के 1113वें जन्मोत्सव पर मंगलवार को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मार्ग को लेकर सोमवार को गुर्जर समाज के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने एसपी वंदिता राणा से मुलाकात कर जुलूस मार्ग और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी है।

गुर्जर समाज के प्रवक्ता भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि सोमवार को गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी वंदिता राणा से मुलाकात कर उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी दी गई है।

गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण का 1113वां जन्मोत्सव मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शोभायात्रा जुलूस निकाला जाएगा।

भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि शोभायात्रा में समाज के पंच पटेल, साधु संत और संगठन में शामिल होंगे। शोभायात्रा ब्यावर रोड मुख्य मार्ग स्थित ऊबड़ा का देवरा देवनारायण मंदिर से प्रात:11 बजे शुरू होगी, जिसमें विशेष रूप से भगवान देवनारायण साडू माता के गोद में बाल स्वरूप प्रतिमा और शिव परिवार सहित देवनारायण परिवार की झांकियां और अनेक झांकियां होगी। उन्होंने बताया कि झांकियां के साथ ही काला गोरा भेरूजी की विशाल जोत भी शामिल होगी।

शोभायात्रा रामगंज, पहरगंज, आशा गंज, पड़ाव, गांधी भवन सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए वैशाली नगर पर शोभायात्रा का विसर्जन होगा।

शोभायात्रा का जगह जगह पर स्वागत होगा। इस शोभा यात्रा में 150 से ज्यादा दोपहिया और चौपहिया वाहन शामिल होंगे।

## बीजासन माता का मेला आज

**अजमेर,** (कासं)। कायस्थ मोहल्ला स्थित बीजासन माता के प्राचीन मंदिर में मंगलवार को मेले का आयोजन होगा। बीजासन माता का धाम ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है जो न केवल शहरवासियों के लिए बल्कि आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं के लिए भी प्रमुख आस्था का केंद्र बना हुआ है। बीजासन माता मंदिर में माता की कोई मूर्ति नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे खंभे गोल घेरे में स्थित हैं, जिन्हें सात बहनों के रूप में पूजा जाता है।

मान्यता है कि सात खंभों के रूप में देवी की सात शक्तियां विराजमान है, मंदिर में आने वाले लोग इन खंभों की पूजा करते हैं। बीजासन माता मंदिर लकवाग्रस्त और बीमार बच्चों के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है, क्योंकि यहां माता के जल का सेवन करने और लच्छा बांधने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

मंदिर समिति के सुनील माथुर ने बताया कि विक्रम संवत के माध माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी जो सूर्य सप्तमी की भी कही जाती है के दिन बीजासन माता मंदिर में प्रतिवर्ष मेला भरता है।

इस वर्ष वर्ष माई साती का मेला 4 फरवरी मंगलवार को होगा। श्रद्धालु मेले का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि मान्यता है कि इस दिन माता के दर्शन और पूजा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

माई साती के दिन विशेष पूजा और अनुष्ठान होते हैं। इस दिन मंदिर में विशेष आयोजन होंगे, जहां लोग अपनी मन्नते के लिए पतासे,लापसी और सुहाग की सामग्री माता को अर्पित करेंगे।

मंदिर के चबुतरे के बीचों बीच नव दुर्गा के शक्ति यंत्रों को मंत्रोच्चारणों से अष्ठकोणिय भुजा के मध्य प्रतिष्ठित किया और उसकी रक्षा के लिए आठ धम्भों की छोटी दीवार निर्मित की। मंदिर का धार्मिक महत्व इसलिए है कि यहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। बीमार, लकवाग्रस्त और अस्वस्थ लोग मंदिर आकर माता के जल का सेवन करते हैं और लच्छा बांधते हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हटूण्ड़ी पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)**
क्रमांक- ग्रा.पं. हटूण्डी/महानरेगा/निविदा/2024-25/116 दिनांक- 28-01-2025
**ई- निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**
ग्राम पंचायत हटूण्ड़ी के लिए वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठनों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 29.01.2025 को प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 06.02.2025 को सायं 05.00 बजे तक ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।
NIB NO:- ZAJ2425A1099
UBN NO:- ZAJ2425GLOB01152
सरपंच / ग्राम पंचायत हटूण्डी / पं.स. अजमेर ग्रामीण ( अजमेर )
ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत हटूण्डी / पं.स. अजमेर ग्रामीण ( अजमेर )